# वेबकास के स्टेट टीम लीडर ने किया निरीक्षण

रतलाम. सीवरेज की समस्या से मुक्ति दिलाने हेतु नगर में डाली जा रही सीवरेज लाईन के तहत अंतिम चरण के कार्यों को शीघ्र पूरा किए जाने के लिए सीवरेज योजना के स्टेट टीम लीडर उदय रोमन के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सीवरेज कार्यों का बुधवार शाम को निरीक्षण किया। उन्होंने भरोसा दिया की जल्दी शहर में इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। बता दे कि पत्रिका ने लगातार सीवरेज काम के चलते आ रही परेशानियों की खबर प्राथमिकता दे प्रकाशित की थी।

शहर में सीवरेज कार्य शीघ्र कराये जाने व कार्य में आ रही कठिनाईयों को दूर करने हेतु नगरीय प्रशासन विकास के प्रमुख अभियंता द्वारा वेबकास के स्टेट टीम लीडर रोमन को शहर भेजा। रोमन द्वारा नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सीवरेज कार्यों को देखा व कार्य में कमी व कठिनाईयों को दूर करने हेतु निरीक्षण उपरान्त वेबकास, रैलवे, सेतु निगम, नगर निगम के अधिकारियो की बैठक ली।

निगम आयुक्त झारिया ने रेलवे के डिविजनल इंजीनियर आलोक श्रीवास्तव से चर्चा की कि रेलवे इंस्टीट्यूट से लक्ष्मणपुरा तिराहे तक 250 मीटर, महू रोड बस स्टैण्ड स्थित रेलवे पुलिया के नीचे से 150 मीटर, डोसीगांव से शिव नगर वाया औद्योगिक क्षेत्र 1700 मीटर व गोमदड़े की पुलिया से कस्तुरबा नगर तक 850 मीटर पाईप लाईन बिछाया जाना शेष है जिसे शीघ्र पुरा किया जाकर नगर को गन्दे पानी की समस्या से मुक्त किया जाना है। इस अवसर पर निगम आयुक्त ने श्रीवास्तव को बताया कि महू रोड बस स्टैण्ड रेलवे पुलिया से पाईप लाईन निकाले जाने हेतु नगर निगम द्वारा 60,88,525 रुपए की राशि रेलवे को जमा करा दी गई है।

सुभाष नगर ब्रीज से हाट की चौकी चौराहा तक सीवरेज पाईप लाईन डालने हेतु आयुक्त ने सेतु निगम के एसडीओ आरके गुप्ता ने बताया कि भवन हटाये जाने के पश्चात सीवरेज लाईन डाले जाने हेतु भूमि उपलब्ध कराई जायेगी नोटिस दिया जा चुका है यदि वे स्वयं भवन को नहीं गिराते हैं तो सेतु निगम द्वारा भवनों को गिराया जायेगा।

17-6-21

## ...ट्टी उड़ने से वाहन चालक हो रहे परेशान

रतलाम | दो बत्ती पर फोरलेन का निर्माण कार्य जारी है और न्यू रोड चौराहे पर एक साइड से आवाजाही चल रही है। यहां उतार-चढ़ाव वाला मोड़ होने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। राहगीरों को भी गिट्टी लग रही है जिससे उनके चोटिल होने का अंदेशा बना हुआ है। वर्षा काल में परेशानी बढ़ सकती है।

## सीवरेज सिस्टम के काम में तेजी लाने के लिए अफसरों से की बात

रतलाम | सीवरेज सिस्टम की बाधाओं को दूर करने मॉनिटरिंग एजेंसी के स्टेट टीम लीडर उदय रोमन आए। उन्होंने नगर निगम, रेलवे व सेतु निगम के अधिकारियों के साथ दिक्कतों का हल निकाला। इस दौरान डिवीजनल आलोक श्रीवास्तव से जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट से लक्ष्मण पूरा तिराहे तक 250 मीटर, महू रोड बस स्टैंड से रेलवे पुलिया के नीचे से 150 मीटर, डोसीगांव से औद्योगिक क्षेत्र तक 1700 मीटर, गोमदड़े की पुलिया से कस्तूरबा नगर तक 850 मी. सीवरेज लाइन डालने को लेकर बात की। इस पर श्रीवास्तव ने भूमि उपयोग शुल्क आकलन कर प्रस्ताव निगम को भेजने देंगे। शुल्क जमा होते ही काम शुरू हो जाएगा।

## कोविड-19 : अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन अब ऑनलाइन ही मान्य होंगे

भोपाल | मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन सिर्फ ऑनलाइन ही मान्य किए जाएंगे। ऑफलाइन आवेदन जो विभागों को मिले हैं, उन्हें भी क्रियान्वयन के लिए पोर्टल पर अपलोड करना जरूरी होगा। इस बारे में बुधवार को सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने निर्देश जारी कर दिए हैं। जीएडी द्वारा जारी निर्देशों में साफ तौर पर कहा गया है कि कोरोना महामारी में 1 मार्च से 30 जून के बीच जिन कर्मचारियों की कोरोना से मृत्यु हुई है, पारिवारिक सहमति से पात्र सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिया जाना है। इस योजना के तहत प्राप्त प्रकरणों के निराकरण के लिए एमपी ई-सर्विस पोर्टल पर लिंक https//service.mp.gov.in में अनुकंपा नियुक्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाने के लिए सेवा उपलब्ध कराई गई है।

## मेडिकल कॉलेज में 37 पेशेंट उपचाररत

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज में बुधवार को 37 पेशेंट भर्ती थे। यहां 513 बेड आज रिक्त हो गए। आज यहां चार मरीज को भर्ती किया गया। आज की स्थिति में कुल 37 पेशेंट भर्ती है, जिनमें से 17 कोरोना संक्रमित है। यह जानकारी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि आज की स्थिति में मेडिकल कॉलेज में रेमडसीविर कुल प्राप्त 7580, वितरित 1557, कंज्यूम्ड 5956 तथा शेष 67 है।

रतलाम,

अब संभाग आयुक्त ने कहा दोषी पर हो कार्रवाई

# कर्मचारियों को बगैर मंजूरी रखने के मामले की फिर होगी जांच

पत्रिका

एक्सपोज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

17-6.21

**रतलाम.** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में बगैर मंजूरी के कर्मचारियों को रखने के मामले में दोषी अधिकारी के मात्र वेतन वृद्धि रोकने के निर्णय से संभाग आयुक्त खुश नहीं है। फिर से जांच करने व कड़ा दंड देने को कहा है। मामले में एक शिकायत फिर की है, जिस पर संभाग आयुक्त ने जांच करने को कहा है।


असल में जब नगर निगम में किसी कर्मचारी को मस्टर पर रखा जाता है तो परिषद होने की स्थिति में मेयर इन कौंसिल द्वारा मंजूरी दी जाती है। इस समय जब एमआईसी नहीं है तो इसके लिए निगम के प्रशासक द्वारा मंजूरी दी जाना जरूरी होता है। बड़ी बात यह है कि निगम में कर्मचारी को स्वास्थ्य विभाग में रख लिए गए, लेकिन इसके लिए प्रशासक से मंजूरी नहीं ली गई। यहां तक की दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी धर्मेंद्र चौहान ने तो अपने बेटे को ही नौकरी पर रख लिया था।



## इस प्रकार गड़बड़ की

अक्षित चौहान, संदीप किशनलाल, दीपक मदनलाल, विष्णु ईश्वर, उषा राजू, रवि किशनलाल, विजय राजेश, सुनील रमेश, राजेंद्र लालसिंह, दिनेश श्यामलाल, गौरव ओमप्रकाश के बारे में तो पत्रिका ने मामला उजागर किया था। इनके अलावा विजय बाबूलाल, दौलत राजेश, विजय राजेश, संदीप कैलाश, घनश्याम नंदकिशोर, बॉबी धरमपाल, धर्मा राजू, मयंक विजय, आकाश कुंदन, लक्ष्मीनारायण राजू, पंकज रमेश, लेखराज राजू, विकास गोरधन, अंकित प्यारेलाल, धीरज अशोक, सुमित अनील, अभिषेक विनोद, मुकेश दिनेश, कृष्णा अशोक, सुमित जमनालाल, वीरेंद्र शिवपाल, रतन दिलीप, रोहित दिलीप, तेजकिरण देवकरण, विक्रम कुंदन, अमित अनीज, करण संजय, नरेश सोहन, संदीप मुन्ना का नाम शामिल है।

लगातार



पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित

## हम गलत के विरोध में

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से मस्टर पर कर्मचारियों को रखनेके मामले में गड़बड़ चल रही है। पूर्व में पत्रिका की खबर के बाद विभागीय अधिकारी के वेतन वृद्धि को रोका गया है। हमारी मांग है व्यापक स्तर पर गड़बड़ी को देखते हुए निलंबन व बर्खास्तगी कार्रवाई होना चाहिए। - **राहुल निंधाने**, प्रदेश अध्यक्ष, मध्यप्रदेश महावाल्मीकि पंचायत

## जांच की जाएगी

निगम में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी कोई करें, उसको बक्शा नहीं जाएगा। पूर्व के मामलों में भी गड़बड़ी सामने आने पर कार्रवाई की गई है। इस मामले में भी सख्त जांच होगी व गड़बड़ी पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच के आदेश जारी किए गए है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

## हो रही जांच

पूरे मामले में मध्यप्रदेश महावाल्मीकि पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष राहुल निंधाने ने संभाग आयुक्त को सबूत के साथ शिकायत की। इसके बाद उन्होंने कलेक्टर को भी इसकी कॉपी दी। इसके बाद ही संभाग आयुक्त कार्यालय से जांच को कहा गया है।

**अनलॉक-4** • 12 घंटे की बजाय 11 घंटे रह गई दुकानें खोलने की समय सीमा

# 16 दिन में चौथी बार बदला समय, अब सुबह 9 से रात 8 बजे तक खुलेंगी दुकानें

## रेस्टोरेंट 50% क्षमता के साथ रात 10 बजे तक खुले रहेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अफसरों द्वारा बार-बार अनलॉक की व्यवस्था बदलने से शहर का कारोबार गड़बड़ा रहा है। बुधवार को जारी अनलॉक फोर की गाइडलाइन में दुकानें खोलने का समय सुबह 9 से रात 8 बजे तक कर दिया है। पहली जून से अब तक के 16 जून में यह चौथा अवसर पर है जब दुकानें खुलने का समय बदला गया है। इसमें भी खोलने से लेकर बंद करने का समय बढ़ने के बजाए एक घंटा घट गया है।

पहले प्रशासन ने सुविधा अनुसार सुबह 6 बजे बाद कभी भी दुकान खोलने और रात 6 बजे तक बंद करने यानी 12 घंटे का समय निर्धारित किया था। गुरुवार से लागू होने वाले नए समय में यह अवधि सिर्फ 11 घंटे रह जाएगी। अच्छी बात यह है कि चौथे चरण की छूट में रेस्टोरेंट को 50 प्रतिशत क्षमता के साथ रात 10 बजे तक और होटल व लॉज को पूरी क्षमता से खोलने की छूट मिल गई है। कलेक्टर द्वारा बुधवार को जारी प्रतिबंधात्मक आदेश 17 जून सुबह 6 बजे से लागू होंगे।

शेष | पेज 7 पर

## 5 से ज्यादा पॉजिटिव वाले गांव रेड ग्राम घोषित होंगे

जिले में रूल ऑफ सिक्स (एक स्थान पर 6 से अधिक लोग एकत्र होने पर प्रतिबंध) लागू रहेगा। जिले के जिन गांवों में एक्टिव केस पांच या उससे अधिक होंगे। उन्हें रेड ग्राम के रूप में चिह्नांकित किया जाएगा। इनके सहित शहर में माइक्रो कंटेनमेंट बनेंगे।

## रेस्टोरेंट पर गाइडलाइन का पालन जरूरी, चेकिंग होगी

रेस्टोरेंट में 50% क्षमता का पालन करवाने के लिए अफसरों की टीम 17 जून को सभी रेस्टोरेंट की चेकिंग करेगी। रेस्टोरेंट वालों को हॉल या बैठक वाले स्थान पर 50 कुर्सी-टेबल ही लगाना होगी। यह भी दो गज की दूरी का पालन करते हुए।

## सुबह 9 बजे से पहले भी खोल सकेंगे चाय, पोहा की दुकानें

अंदर की बात यह है कि चाय, पोहा वाले अपनी दुकानें सुबह 9 बजे के पहले भी खोल सकेंगे। उन पर कार्रवाई नहीं होगी, लेकिन उन्हें मास्क, सैनिटाइजर, दो गज की दूरी सहित अन्य कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करना होगा।

### ✓ क्या-क्या खुलेगा

**शादी में दोनों पक्षों के 50 लोग जा सकेंगे, स्टेडियम खुलेंगे लेकिन दर्शक नहीं होंगे**

- **दुकानें** - सभी प्रकार की दुकानें और निजी कार्यालय सुबह 9 से रात 8 बजे तक खुलेंगी। पहले सुबह 6 बजे बाद से शाम 6 बजे तक छूट थी।
- **रेस्टोरेंट** - रेस्टोरेंट और क्लब 50 प्रतिशत कैपेसिटी से रात 10 बजे तक खुले रह सकेंगे।
- **फिटनेस** - जिम और फिटनेस सेंटर रात 8 बजे तक 50 प्रतिशत क्षमता से खुल सकेंगे।
- **खेल** - खेलकूद के स्टेडियम खुल सकेंगे लेकिन आयोजन में दर्शक शामिल नहीं हो सकेंगे।
- **होटल** - होटल व लॉज पूरी क्षमता से खुल सकेंगे।
- **विवाह** - दोनों पक्षों के अधिकतम 50 लोग शामिल रहेंगे। अतिथियों की सूची सात दिन पहले थाने पर देकर अनुमति लेना होगी।

### ⊗ क्या अब भी बंद

**सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, खेल, धार्मिक आयोजन और मेले बंद**


- **नाइट कर्फ्यू** - हर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक
- **कार्यक्रम** - सभी प्रकार के सामाजिक, राजनैतिक, खेल, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन मेले नहीं होंगे।
- **शिक्षा** - स्कूल-कॉलेज, शैक्षणिक प्रशिक्षण, कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे। ऑनलाइन क्लासेस चल सकेंगी।
- **मनोरंजन** - सिनेमाघर, शॉपिंग मॉल, स्विमिंग पूल, थिएटर, पिकनिक स्पॉट, सभागृह नहीं खुलेंगे।
- **निधन** - शवयात्रा में अधिकतम 10 लोग शामिल हो सकेंगे। उठावना और पगड़ी कार्यक्रम प्रतिबंधित रहेंगे।
- **सैलून** - 50 प्रतिशत क्षमता से चल सकेंगे, संचालक व कर्मचारी को मास्क, ग्लव्स और पीपीई किट पहनन कर काम करना होगा। अंदर बैठकर नंबर नहीं लगा सकेंगे। स्पा सेंटर पूर्णतः बंद रहेंगे।

**एक पॉजिटिव मिला, बुजुर्ग ने दम तोड़ा-** जिले में बुधवार को एक पॉजिटिव मिला। जिले में अब एक्टिव केस 179 हैं। ताल के 70 साल के एक बुजुर्ग की मौत हुई। उन्हें 29 मई को मेडिकल कॉलेज भर्ती किया था।

# रतलाम कला मंच प्रतिनिधिमंडल जिलाधीश से मिला

## कोरोना काल में संस्था द्वारा जनहित में किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी संस्था प्रमुख राजेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा प्रदान की गई

प्रसारण न्यूज ● रतलाम




जिलाधीश कुमार पुरुषोत्तम ने कोरोना काल मे रतलाम कला मंच संस्था द्वारा किये जा रहे मानव समाज सेवा कार्यों जैसे पोस्टर बेनर पैम्फलेट स्टिकर के माध्यम से शहर भर में निरंतर चलाए जा रहे जन जागरण अभियान में रतलाम कला मंच संस्था के विशिष्ट सदस्य व पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा के नेतृत्व में शासकीय मेडिकल कॉलेज रतलाम में उपचाराधीन कोरोना पीड़ितो को योग ध्यान मोटिवेशन स्पीच गीत संगीत के कार्यक्रम एवं मास्क वितरण के मानव सेवा कार्य औषधीय गुणों से भरपूर पेड़ पौधे रोपण कर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण संवर्धन कर भविष्य में हर संक्रमणों से मुक्ति का जन संदेश दिया। इससे प्रभावित होकर जिलाधीश कुमार पुरुषोत्तम ने संस्था की सराहनीय प्रशंसा की। साथ ही आपने योग को जन-जन तक पहुंचाने स्वस्थ भारत समृद्ध भारत नशामुक्त संक्रमण मुक्त भारत बनाने जन जागरण अभियान को हिस्सा बनाने की अपील की। आपने बताया कि योग क्रियाओं से जीवन भर पूर्ण रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। इसलिए हर व्यक्ति परिवार समाज को योग को अपनाना चाहिए। साथ ही ज्यादा से ज्यादा वैक्सिनेशन के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील भी संस्था सदस्यों से की गई। संस्था सदस्यों ने जिलाधीश द्वारा दिए गए सुझाव पर अमल का आश्वासन दिया गया। कुमार पुरुषोत्तम द्वारा कहे अनुसार संस्था 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जन-जन हर घर परिवार योग दिवस महोत्सव परिवार संग सुरक्षित संरक्षित मनाएं।

संस्था इसके लिए विशेष तौर पर आमजनों को जागरूक करेगा कोविड 19 संक्रमण गाइडलाइन का पालन करते हुए प्रतिनिधि मंडल के रूप में संस्था प्रमुख राजेन्द्र चतुर्वेदी, अजय चौहान, शरद चतुर्वेदी, पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। 17-6-21

# जिले में 98280 आयुष्मान कार्ड बने

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम प्रगति पर है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के मार्गदर्शन में जिले में आयुष्मान कार्ड जनपद पंचायतवार तीव्र गति से बनाए जा रहे हैं तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही को इससे लाभान्वित किया जा रहा है।



जिले में 16 मई से 13 जून 2021 तक की अवधि में 98280 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जिले के आलोट जनपद पंचायत में इस अवधि के दौरान 11955, बाजना जनपद पंचायत में 18483, जावरा जनपद पंचायत में 20802, पिपलौदा जनपद क्षेत्र में 11241, रतलाम जनपद पंचायत में 21868, सैलाना जनपद पंचायत क्षेत्र में 13931 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जिले की उक्त जनपद पंचायत क्षेत्रों में प्रतिदिन 3700 कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त जनपद पंचायत क्षेत्रों में आयुष्मान कार्डधारी परिवारों को उक्त कार्ड के तहत लाभान्वित भी किया जा रहा है।

17-6-21

## नालों की सफाई का कार्य जारी

रतलाम। शहर में वर्षाकाल के पहले नगर निगम द्वारा नाले-नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा फ्रीगंज माल गोदाम, विनोबा नगर, छोटी बोहरा बाखल भरावा की कुई व गणेश देवरी से डालूमोदी बाजार तक के नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में जैसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्राली व गैंग के माध्यम से किया गया। सफाई उपरांत नालों व नालियों में केरोसिन व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।

## गंदगी फैलाने पर छह लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पाट फाइन दल द्वारा मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में छह दुकानदार व नागरिकों पर जुर्माना किया गया। आशिक, महेश सैलाना बस स्टैंड, कमलेश, नंदलाल दो बत्ती, मोहन, नागेश्वर टीआइटी रोड पर 100-100 रुपये का स्पाट फाइन कर भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई।

## पथ विक्रेताओं को आज लगेंगे टीके

17-6

रतलाम। कोरोना से बचाव हेतु शहर के पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर) को 17 जून को डीआरएम आफिस के आफिसर्स क्लब में टीके लगाए जाएंगे। कोरोना का टीका लगवाने हेतु पंजीकृत 1700 पथ विक्रेताओं को नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा दूरभाष पर सूचना भी दी गई है। नई दुनिया

# रेलवे, सेतु निगम के क्षेत्रों में अटका सीवरेज प्रोजेक्ट का काम

## वेबकास स्टेट लीडर के साथ निगमायुक्त ने किया निरीक्षण, बैठक में कहा– अब तक 18900 हाउस कनेक्शन दिए

**रतलाम।** सीवरेज प्रोजेक्ट का काम अंतिम चरण में है। सीवरेज प्रोजेक्ट में आ रही समस्याओं को लेकर नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा वेबकास के स्टेट टीम लीडर उदय रोमन को भेजा गया। बुधवार को निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने वेबकास के स्टेट टीम लीडर उदय रोमन के साथ शहर में सीवरेज कार्यों का निरीक्षण कर वेबकास, रेलवे, सेतु निगम, नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में निगम आयुक्त ने रेलवे के डिविजनल इंजीनियर आलोक श्रीवास्तव से चर्चा कर बताया कि रेलवे इंस्टीट्यूट से लक्ष्मणपुरा तिराहे तक 250 मीटर, महू रोड बस स्टैंड स्थित रेलवे पुलिया के नीचे से 150 मीटर, डोसीगांव से शिव नगर औद्योगिक क्षेत्र 1700 मीटर व गोमदड़े की पुलिया से कस्तूरबा नगर तक 850 मीटर पाइप लाइन डालना शेष है। श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर भूमि उपयोग शुल्क का आकलन कर नगर निगम को प्रेषित करने व शुल्क जमा होने पर अनुमति देने की बात कही। आयुक्त ने महू रोड बस स्टैंड रेलवे पुलिया लाइन के लिए 60.88 लाख रुपये जमा होने की जानकारी दी।



बैठक में चर्चा करते हुए वेबकास, रेलवे, सेतु निगम, नगर निगम के अधिकारी। • नईदुनिया 17-6-21

### शहर में कहां कितना काम बाकी

क्षेत्र पाइपलाइन (लंबाई मीटर में)

- स्टेशन रोड मनोहर होटल गली क्षेत्र– 450
- कालिका माता एरोकेम फैक्ट्री के पीछे–200
- मंगलम सिटी मेन रोड–320
- जैन कालोनी–150
- डीआईजी रोड कलेक्टर बंगले के सामने–900

### सुभाष नगर ब्रिज क्षेत्र में भवनों से अटका काम

सुभाष नगर ब्रीज से हाट की चौकी चौराहा तक सीवरेज लाइन डालने को लेकर सेतु निगम के एसडीओ आरके गुप्ता ने बताया कि उक्त क्षेत्र के भवन स्वामियों को भवन तोड़ने के लिए दो माह पूर्व ही नोटिस दिया जा चुका है। यदि वे स्वयं भवन को नहीं गिराते हैं तो सेतु निगम द्वारा भवनों को गिराया जाएगा। बैठक में बताया गया कि खेतलपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कुछ दिनों में प्रारंभ किया जा सकता है। शहर में अब तक 38 क्षेत्रों के 18 हजार 900 हाउस कनेक्शन किये जा चुके हैं।

# हनुमान ताल को पर्यटन स्थल बनाने निगम सौन्दर्यीकरण करेगा

17-6-21


रतलाम। बरबड़ रोड स्थित हनुमान ताल के सुदृढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण नगर निगम द्वारा किया जाना है। इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरुषोत्तम ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, निगम

- कलेक्टर ने किया निरीक्षण
- तालाब की पाल पर लगेगी रैलिंग, स्लैब होगा चौढ़ा

अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ तालाब का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने तालाब की डेढ़ किलोमीटर लम्बी पाल पर पैदल भ्रमण कर निर्देशित किया कि बांध पर जो स्लैब बना हुआ है वह काफी संकरा है। प्रातः घुमने आने वाले नागरिकों किसी प्रकार की दुर्घटना का सामना नहीं करना पड़े इस हेतु स्लैब को चौड़ा कर रैलिंग लगाई जाए। यह कार्य जलसंसाधन व नगर निगम मिलकर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक व पटवारी को निर्देशित



कि तालाब का सीमांकन किया जाये तथा सीमांकन पश्चात नगर निगम सीमांकन क्षेत्र में पोल लगाने का कार्य करें साथ ही बंड भूमि पर किसी अन्य के द्वारा कोई अतिक्रमण तो नहीं किया है इसकी भी नपती की जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि तालाब की पाल के अंदर व बाहर की ओर जो पेड़ है उनकी छंटाई करवाये जाने के साथ ही शेष अन्य झाड़ियों को हटाया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि हनुमान ताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने हेतु नगर निगम द्वारा सौन्दर्यीकरण किया जाना है इस हेतु जो भी कार्य करवाये जाने है शीघ्र प्रारंभ किया जाये। उक्त स्थलों के निरीक्षण के दौरान

## तालाब पर हरियाली बढ़ाने जनसहयोग से होगा पोधारोपण

कलेक्टर ने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंनें विभिन्न आवश्यकताओं को देखा और अधिकारियों को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि तालाब परिसर के सौन्दर्यीकरण व हरियाली से आच्छादित किये जाने हेतु तालाब की पाल के बाहरी ओर ढलान में 5-5 मीटर की दूरी पर पौधे एवं घांस लगाये जाने का कार्य आमजन की सहभागिता के साथ 30 जून से 15 जुलाई के मध्य किया जावे।

कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री दीक्षा निजामपुरकर, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जलसंसाधन विभाग कार्यपालन यंत्री एच.के. मालवीय, उपयंत्री आरजी पाटीदार, लोक निर्माण विभाग, मत्सय विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग आदि के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत स्वास्थ्यकर्मी को मरणोपरांत 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

**रतलाम।** जिले में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलपांक में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजेश जोशी के कोविड-19 संक्रमण के कारण निधन होने से शासन द्वारा राशि रुपए 50 लाख स्वीकृत होकर हितग्राही के खाते में अंतरित की गई है। प्रकरण में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा योजना अंतर्गत आवेदन पत्र मिशन संचालक एनएचएम को प्रेषित किया गया था। इस आवेदन पर राज्य कार्यालय से मिशन संचालक एनएचएम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण को नियमानुसार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया था। प्रकरण में शासन द्वारा नियमानुसार 50 लाख रुपए की राशि हितग्राही के खाते में अंतरित कर दी गई है। कोविड संक्रमण के कारण जीवन हानि होने के चलते



# हनुमान ताल का अवलोकन कर कलेक्टर ने सौंदर्यीकरण सहित अन्य कई सुझाव दिए

17-6-

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने हनुमान ताल का अवलोकन कर तालाब क्षेत्र का सौंदर्यीकरण एवं अतिक्रमण मुक्त करने सहित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए ताकि यह क्षेत्र लोगों के आकर्षण का केंद्र बने।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ श्री पुरुषोत्तम ने तालाब की डेढ़ किलोमीटर लम्बी पाल पर भ्रमण कर निर्देशित किया कि बांध पर जो स्लैब बना हुआ है वह काफी संकरा है। यहां प्रातः घूमने आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की दुर्घटना का सामना नहीं करना पड़े इस हेतु स्लैब को चौड़ा कर रैलिंग लगाई जाए। इस हेतु जल संसाधन व नगर निगम मिलकर कार्य करेंगे। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि तालाब परिसर के सौन्दर्यीकरण व हरियाली से आच्छादित किए जाने हेतु तालाब की पाल के बाहरी ओर ढलान में 5-5 मीटर की दूरी पर पौधे एवं घास लगाए जाने का कार्य आमजन की सहभागिता के साथ 30 जून से 15 जुलाई के मध्य किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक व पटवारी को निर्देशित कि तालाब का सीमांकन किया जाए तथा सीमांकन पश्चात नगर निगम सीमांकन क्षेत्र में पोल लगाने का कार्य करें साथ ही भूमि पर किसी अन्य के द्वारा कोई अतिक्रमण तो नहीं किया है इसकी भी नपती की जाए।

इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि तालाब की पाल के अंदर व बाहर की ओर जो पेड़ है उनकी छंटाई करवाएं जाने के साथ ही शेष अन्य झाड़ियों को हटाया जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि हनुमान ताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने हेतु नगर निगम द्वारा सौन्दर्यीकरण किया जाना है। इस हेतु जो भी कार्य करवाये जाने है शीघ्र प्रारंभ किया जाएं।

# कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम द्वारा हनुमान ताल का निरीक्षण

रतलाम 15 जून। बरबड़ रोड स्थित हनुमान ताल के सुदृढ़िकरण व सौन्दर्यीकरण नगर निगम द्वारा किया जाना है इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम ने एसडीएम श्री अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, निगम अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ तालाब का निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री पुरूषोत्तम ने तालाब की डेढ़ किलोमीटर लम्बी पाल पर पैदल भ्रमण कर निर्देशित किया कि बांध पर जो स्लैब बना हुआ है वह काफी संकरा है यहां प्रात: घुमने आने वाले नागरिकों किसी प्रकार की दुर्घटना का सामना नहीं करना पड़े इस हेतु स्लैब को चौड़ा कर रैलिंग लगाई जाये इस हेतु जलसंसाधन व नगर निगम मिलकर कार्य करेंगे। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्देशित किया कि तालाब परिसर के सौन्दर्यीकरण व हरियाली से आच्छादित किये जाने हेतु तालाब की पाल के बाहरी ओर ढलान में 5-5 मीटर की दूरी पर पौधे एवं घांस लगाये जाने का कार्य आमजन की सहभागिता के साथ 30 जून से 15 जुलाई के मध्य किया जाये। इस अवसर पर उन्होने राजस्व विभाग के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक व पटवारी को निर्देशित कि तालाब का सीमांकन किया जाये तथा सीमांकन पश्चात नगर निगम सीमांकन क्षेत्र में पोल लगाने का कार्य करें साथ ही बंड भूमि पर किसी अन्य के द्वारा कोई अतिक्रमण तो नहीं किया है इसकी भी नपती की जाये।

इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि तालाब की पाल के अंदर व बाहर की ओर जो पेड़ है उनकी छंटाई करवाये जाने के साथ ही शेष अन्य झाड़ियों को हटाया जाये।

# सतर्क रहें मलेरिया से

रतलाम। वर्षा ऋतु के आगमन के साथ मच्छर जनित रोग मलेरिया की भी संभावनाएँ होने लगी हैं। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मलेरिया परजीवी का संक्रमण संक्रमित मादा एनाफिलीज् मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर रुके हुए साफ पानी में पैदा होता है, अत: घर के आस-पास कहीं भी खुले स्थान पर पानी एकत्रित न होने दें। हर सप्ताह कूलर, पानी की टंकी आदि को खाली कर सफाई करें। ऐसे स्थान जहाँ पानी की निकासी संभव न हो और अनावश्यक जल भराव हो वहाँ केरोसिन या जला हुआ तेल डालें। मच्छरदानी लगाकर सोएं। खिडकियों और दरवाजों पर मच्छरों को रोकने के लिये जाली लगायें। पूरी बाँह के कपड़े पहनें। मलेरिया के लक्षणों में ठंड लगकर तेज बुखार आना, पसीना आकर बुखार उतर जाना, रुक-रुक कर बुखार आना, सिर दर्द और उल्टी होना तथा बैचेनी,

**खानापूर्ति** | **मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में निर्माण कंपनी की मनमानी**

# काम में देरी हुई तो बारिश में ही डामर की सड़क बना रहे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर काम कर रही कंपनी आर्यवृत प्रोजेक्ट व डेवलपर्स द्वारा सड़कों के निर्माण में धीमी गति से काम करने से शहरवासी परेशान हैं। कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई प्रारंभ होने पर अब बारिश के मौसम में भी डामरीकृत सड़क बनाने की तैयारी है। इससे गुणवत्ता प्रभावित होना तय है।

मालूम हो कि शासन स्तर से ही 15 जून के बाद पूरे मानसून में डामरीकृत सड़क के निर्माण पर रोक रहती है। बारिश में निर्माण के समय डामर के ठंडे हो जाने से सड़क की मजबूती प्रभावित होती है। शहर सहित जिले में मानसून की पहली बारिश हो चुकी है। बुधवार शाम को भी हल्की बारिश हुई। इस दौरान कान्वेंट स्कूल से आनंद कालोनी



कान्वेंट स्कूल मार्ग पर हल्की बारिश के दौरान डामरीकरण चलता रहा। ● नईदुनिया

पुलिया तक 280 मीटर लंबी सड़क का निर्माण शुरू कर दिया गया। 14 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के लिए यहां करीब दो माह पहले सड़क के वर्तमान हिस्से के दोनों ओर गिट्टी डाली गई थी। मंगलवार को समतलीकरण के लिए रोलर चलाने के बाद बुधवार को सड़क की सतह पर तारकोल डाला गया। शाम को बारिश के दौरान ही डामरीकरण भी कर दिया गया। इस दौरान कांग्रेस नेता विजयसिंह चौहान ने भी आपत्ति जताते हुए गुणवत्ता प्रभावित होने की बात कही। मानिटरिंग एजेंसी एमपी अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन के इंजीनियर निर्माण को सही बता रहे हैं।

### अन्य सड़कों का काम भी अधूरा

शहर में शास्त्री नगर मुख्य मार्ग व ऊंकाला रोड का काम भी इसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। निर्माण में नियमों की अनदेखी और धीमी गति से काम करने के चलते निगम प्रशासन द्वारा कई बार चेतावनी भी दी गई। गत वर्ष तो तत्कालीन कलेक्टर रुचिका चौहान ने भी मौके पर पहुंचकर ठेकेदार को चेताया था। इसके बाद अनुबंध निरस्त करके ब्लैक लिस्ट करने की अनुशंसा की गई। अब काम जल्दी पूरा करने के लिए बारिश में ही डामरीकरण किया जा रहा है।

### इसलिए बारिश में लगती है रोक

दरअसल बारिश के समय जमीन में नमी होने से सतह पर डामर पकड़ नहीं बना पाता है। जैसे-तैसे सड़क बना भी दी जाए तो तेज बारिश में उखड़ने का डर बना रहता है। सही पकड़ नहीं बनने से गुणवत्ता प्रभावित होती है।

"अगर बारिश शुरू नहीं हुई हो तो डामरीकृत सड़क का निर्माण 15 जून बाद भी किया जा सकता है। निर्माण में डामर मिक्स मटेरियल का तापमान 100 डिग्री से कम नहीं होना चाहिए। हम प्लांट से माल निकलने पर 140 व साइट पर 105 डिग्री के तापमान को मेंटेन करवा रहे हैं। बुधवार शाम को हल्की बारिश हुई थी, लेकिन मटेरियल के तापमान पर असर नहीं पड़ा। – **अमन खंडेलवाल, इंजीनियर, एमपी यूडीसीएल**

17-6-21

---



# मानसून की दस्तक होने तक नहीं जागा नगर निगम

**रतलाम।** जिले में मंगलवार तड़के मानसून ने अपनी दस्तक दे दी है। तेज हवाओं के साथ करीब 1 घंटे तक हुई तेज बारिश में जिले की रावटी तहसील में सर्वाधिक ढाई इंच, जावरा में पौन इंच और रतलाम में आधा इंच वर्षा दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार का मानसून 8 दिन पहले आ गया है। मौसम विभाग ने आगे भी झमाझम बारिश की संभावना जताई है, लेकिन नगर निगम की मानसून पूर्व की तैयारियां पूरी नहीं हो पाई हैं।

मानसून आने तक नाले-नालियों की सफाई और जीर्ण-शीर्ण भवनों को खाली कराने सहित अन्य सभी तैयारियों में निगम फिसड्डी रहा है। अब जबकि मानसून आ चुका है, तो निगम अमला शहर में सक्रियता दिखा रहा है, लेकिन इससे अधिक फायदा मिलने वाला नहीं है। मानसून तैयारियों के लिए नगर निगम के प्रशासक और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम रतलाम में नए हैं, लेकिन आयुक्त सोमनाथ झारिया तो पुराने हैं। उन्हें रतलाम की हर समस्या का ज्ञान है। इससे उन्हें समय रहते पूर्वानुमान लगाकर मानसून की तैयारियों को मूर्त रूप दिलवाना था।

विडंबना है कि नगर निगम तैयारियों के लिए निर्धारित अवधि में नालों की सफाई के नाम पर नगर निगम केवल औपचारिकताएं करता रहा। गोमदड़ा की पुलिया से बहने वाले नाले की किसी ने सुध नहीं ली है, जबकि इससे बहकर जाने वाले बारिश के पानी से कई क्षेत्रों में जलजमाव होता है। निगम ने कुछ नालों की सफाई कराई भी है और उनका आयुक्त ने निरीक्षण भी किया है, लेकिन गोमदड़ा नाला का निरीक्षण करने आयुक्त नहीं पहुंचे हैं।

बारिश से पहले निगम को हर साल जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित कर सूचना पत्र देना होते हैं। अति जीर्ण-शीर्ण भवनों को गिराया जाना है, लेकिन इस दिशा में भी कोई तैयारियां नहीं दिख रहीं हैं। मानसून की पहली बारिश के साथ ही शहर में अब निचली बस्तियों में पानी भरने की आशंका बलवती हो रही है, क्योंकि नालों की अधिकांश जगह पूरी सफाई नहीं हुई है। बारिश पूर्व नगर निगम को शहर में चल रहा सीवरेज का काम भी पूरा कर लेना था, लेकिन वह भी जारी है। इससे कई मोहल्लों में खुदाई के कारण सड़क पर कीचड़ होगा। गड्ढे और कीचड़ से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहेगी।

**मिनी स्मार्ट सिटी** • 280 मीटर लंबी और 14 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी

# कॉन्वेंट से कालिका माता पुलिया पर बिना ग्रेडिंग की गिट्टी से निर्माण

- **ढाई साल से अधूरा पड़ा है यहां निर्माण**
- **जनप्रतिनिधि बोले-रोड की क्वालिटी घटिया**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के ठेकेदार ने ढाई साल से अधूरी पड़ी तीन सड़कों में से एक आनंद कॉलोनी रोड का काम बुधवार से अचानक शुरू कर दिया है। उसमें भी न गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा, न मापदंडों का। बिना ग्रेडिंग वाली गिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है। डामर भी मनमाने तरीके से मिलाया जा रहा है।

इतना ही नहीं डामरीकरण भी अनट्रेंड कर्मचारी कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद नगर निगम के अफसरों ने नजर रखना शुरू कर दिया है। योजना बदलने के बाद यह रोड अब कॉन्वेंट स्कूल से कालिकामाता पुलिया तक करीब 280 मीटर लंबी और 14 मीटर चौड़ी बनना है। प्रोजेक्ट में शहर की 6 प्रमुख सड़कें को 12 से 14 मीटर चौड़ी बनाई जाना है। इस काम पर करीब 22 करोड़ खर्च होंगे। इधर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर बीटी रामचंद्र ने कहा कि सड़क को समतल करने के लिए हर ढंग की गिट्टी इस्तेमाल की जाती है।

## निर्माण कंपनी ने डामर का मानक भी मनमाना रखा



कॉन्वेंट स्कूल से आनंद कॉलोनी तरफ सड़क बनाते ठेकेदार कंपनी आर्यवृत्त इंफ्रास्ट्रक्चर के कर्मचारी।

## संभागीय मुख्यालय ने भी भेजी निगेटिव रिपोर्ट, ठेकेदार के काम से असंतुष्टि जताई

22 करोड़ की लागत वाले मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में ठेकेदार कंपनी द्वारा बहुत धीमी गति से किए जा रहे काम से नगर निगम के साथ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के उज्जैन संभागीय मुख्यालय के अफसर भी नाराज हैं। संभागीय मुख्यालय ने भी निगेटिव रिपोर्ट राजधानी भेजी है। अब जल्द ही ठेकेदार कंपनी पर कार्रवाई हो सकती है। ढाई साल में तीन सड़क का काम शुरू करने और सभी अधूरी होने के बाद अप्रैल में नगर निगम ठेकेदार कंपनी का अनुबंध समाप्त करके ब्लैक लिस्ट करने का ठहराव प्रस्ताव पारित करके कार्रवाई शुरू कर चुका है। 17-6-21

*मनमर्जी से गिट्टी, डामर मिलाकर कर्मचारी मनमाफिक रोड बना रहा है। कर्मचारी भी ट्रेंड नहीं है। ऐसे तो यह सड़क पहली बारिश में ही उखड़ जाएगी। प्रशासन के अफसरों को जांच कर कार्रवाई करना चाहिए।*
**विजय चौहान**, कांग्रेस नेता

भास्कर

*अभी सड़क का बेस तैयार किया जा रहा है। उसके ऊपर फिनिशिंग वर्क होगा। गड्ढे और सतह ऊपर-नीचे होने पर सड़क को समतल करने के लिए हर तरह की गिट्टी इस्तेमाल की जाती है। सारा काम मापदंड के अनुसार ही हो रहा है।*
**बीटी रामचंद्र राव**, प्रोजेक्ट मैनेजर - ठेकेदार कंपनी

### सड़क बनाने में क्या-क्या गड़बड़ी

- **ग्रेडिंग** - बिना ग्रेडिंग की गिट्टी इस्तेमाल की जा रही है, जबकि कम से कम डिफॉल्ट साइज के अनुसार कम से कम 20 एमएम की गिट्टी होना चाहिए।
- **डामर** - गिट्टी और डामर का मिक्चर मनमाने तरीके से बनाया जा रहा है, जबकि स्टैंडर्ड फॉर्मेट के अनुसार 4 प्रतिशत मिलाना चाहिए, यानी 100 किलो गिट्टी में 4 किलो डामर।
- **टेक कोर्ट** - इस लिक्विड को ठीक से नहीं डाला जा रहा है। यह डामर को अच्छी पकड़ देता है।
- **सफाई** - पुरानी सड़क की बिना अच्छी तरह से सफाई कर डामरीकरण किया जा रहा है।
- **बारिश** - कुछ ही दिनों में बारिश शुरू होने वाली, जबकि डामरीकरण के बाद सड़क को पकने के लिए तेज धूप की जरूरत होती है। डामर के सेटल नहीं होने से यह थोड़ी ही बारिश में उखड़ जाएगा।